Publication	Punjab Kesari
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	01
Date	20th April 2021

पंजाब केसरी

250 की नि:शुल्क आरटी पीसीआर जांच

गुड़गांव, 19 अप्रैल (ब्यूरो): बढ़ते कोविड के खतरे पर अंकुश लगाने व समाज के सभी वर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल करने के लेकर वाटिका बिजनेस सेंटर द्वारा नि:शुल्क शिविर लगाए गए। जिसमें 250 से अधिक लोगों की आरटी पीसीआर जांच की गई। शिविर का लाभ लेने वाले में बड़ी संख्या में कार्पोरेट, कर्मचारी व क्लाइंट मौजूद रहे।

ज्ञात हो कि बिजनेस सेंटर श्रृंखला में से एक वाटिका बिजनेस सेंटर (वीबीसी) ने जिला स्वास्थ्य विभाग ,हरियाणा सरकार के साथ मिलकर सोमवार को नि:शुल्क आरटी. पीसीआर व कोविड जांच शिविर आयोजित किया। गुरुग्राम के सेक्टर-83 में आयोजित इस शिविर में कर्मचारी, क्लाइंट्स, ब्रोकर व उनके परिजनों

शिविर में जांच करवाते हुए स्थानीय।

का नि:शुल्क आरटी. पीसीआर कोविड टेस्ट किया गया। अपने सहयोगियों के प्रति उदारता दिखाते हुएए वाटिका समूह यह सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयासों को तेज कर रहा है कि महामारी के खिलाफ लड़ाई की इस कठिन घड़ी में कोई भी वंचित न रह जाएं। इस अवसर पर वाटिका बिजनेस सेंटर (वीबीसी) के प्रेसिडेंट विनीत टैंग ने बताया कहा देश में कोरोना खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। उन्होंने एहसास दिलाया है कि वायरस को केवल एकजुटता और सामूहिक प्रयासों के जरिए हराया जा सकता है। हम अपने क्लाइंटस, एसोसिएट्स व एम्प्लॉय की देखभाल करते हैं। यह शिविर सुनिश्चित करता है कि हम इन विषम परिस्थितियों के दौरान अपने सहयोगियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। वाटिका बिजनेस सेंटर एकमात्र समूह है जिसने इस क्षेत्र में सोमवार को अपने सभी कर्मचारियों, ग्राहकों व ब्रोकर्स के लिए नि:शुल्क आरटी. पीसीआर कोविड टेस्ट शिविर की व्यवस्था की है। जांच शिविर की पूरी प्रक्रिया के दौरान सोशल डिस्टेन्सिंग, मास्क पहनने स्वच्छता सहित अन्य सभी एहतियाती उपायों का पालन किया गया।